INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class 6 - 3rd Lang.	Department: Hindi	Date.................
Worksheet No: 3	Topic: अर्थग्रहण	Note: Pl. file in portfolio

दिए गए गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सही उत्तर पर (✓) लगाइए |

श्रवण कुमार नाम का एक बालक था। उसके माता-पिता अंधे थे| वह बचपन से ही अपने माता-पिता का बहुत आदर करता था। वह रोजाना सुबह उठकर सबसे पहले अपने माता-पिता को स्नान कराने के लिए तालाब से पानी भरकर लाता था। इसके बाद वह तुरंत जंगल की ओर लकड़ियाँ बीनने जाता। फिर लकड़ियाँ लाने के बाद वह चूल्हा जलाकर माता-पिता के लिए खाना बनाता था।

उसकी माँ रोज़ भगवान से प्रार्थना करती, "हे प्रभु! इतना ध्यान रखने वाला श्रवण जैसा बेटा हर माता-पिता के घर पैदा हो।" श्रवण के माता-पिता नियमित रूप से भगवान की आराधना करते थे। वह उनके लिए फूल और पूजा की अन्य सामग्री लाता। फिर खुद भी बिना देर किए माता-पिता के साथ पूजा में शामिल हो जाता था।

एक दिन श्रवण के माता-पिता ने श्रवण से कहा, "बेटा तुमने हमारी हर इच्छा पूरा की है। अब हमारी केवल एक ही इच्छा है, जिसे हम पूरी करना चाहते हैं। यह सुन श्रवण ने उनसे पूछा, "ऐसी कौन-सी इच्छा बाकी है?"

इस पर श्रवण के पिता ने कहा, "बेटा! अब हम बूढ़े हो चुके हैं और हम चाहते हैं कि मरने से पहले तीर्थ यात्रा के लिए जाएँ।" अपने माता-पिता की बात सुनकर श्रवण कुमार सोचने लग गया कि वह उनकी इस इच्छा को कैसे पूरा करेगा। उस समय बस और ट्रेन की सुविधा नहीं थी। साथ ही उसके माता-पिता देख भी नहीं सकते थे। ऐसे में उन्हें तीर्थ यात्रा कराना भला कैसे संभव हो पाता।

तभी श्रवण कुमार को एक तरकीब सूझी। वह तुरंत बाहर गया और वहाँ से दो बड़ी टोकरी लेकर आया। उसने दोनों टोकरियों को एक मजबूत डंडे में मोटी रस्सी के सहारे लटका कर एक बड़ा-सा तराजू बना लिया। अपने माता-पिता को तराजू में बिठाकर अपने कंधों पर लेकर वह तीर्थ यात्रा पर निकल पड़ा। कुछ दिनों की यात्रा के दौरान श्रवण कुमार ने अपने माता-पिता को प्रयाग से लेकर काशी तक के दर्शन कराए।

1. किसके माता-पिता अंधे थे?

क. राम कुमार के　　　　　ख. श्रवण कुमार के

ग. सुकुमार के　　　　　घ. आत्माराम के

2. अपने माता-पिता को स्नान कराने के लिए श्रवण कहाँ से पानी भरकर लाता था?

क. नदी से　　　　　ख.समुद्र से

ग. तालाब से　　　　　घ. झरने से

3. श्रवण कुमार जंगल की ओर क्यों जाता था?

क. लकड़ियाँ बीनने　　　　　ख. गाय को चराने

ग. जड़ी-बूटी लाने　　　　　घ. अपने दोस्त से मिलने

4. श्रवण कुमार चूल्हा जलाकर किनके लिए खाना बनाता था?

क. पंडितों के लिए　　　　　ख. भाई बहन के लिए

ग. गरीबों के लिए　　　　　घ. माता-पिता के लिए

5. श्रवण के माता-पिता नियमित रूप से क्या करते थे?

क. लोगों की सहायता　　　　　ख. भूखों को खाना खिलाते

ग. भगवान की आराधना　　　　　घ. नए पौधे लगाते

6. श्रवण के माता-पिता मरने से पूर्व कहाँ जाना चाहते थे?

क. तीर्थ यात्रा पर　　　　　ख. इटली

ग. नेपाल　　　　　घ. दिल्ली

7. टोकरियों को मोटी रस्सी के सहारे लटका कर श्रवण ने क्या बनाया?

क. खिलौना　　　　　ख. एक बड़ा-सा तराज़ू

ग. नकली साँप　　　　　घ. एक गाड़ी

8. दिए गए शब्दों के विलोम गद्यांश में से ढूँढकर लिखिए |

निरादर = ...　　　　　असंभव = ...

कमज़ोर = ...　　　　　पतली = ...

****